TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

26 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

व्यक्ति तब बेहतर काम करता है जब उसे अपने लक्ष्य

के बारे में पता हो कि वह क्या है और क्यों है।

**एलन मस्क**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

26 दिसंबर

## मधु प्रिया

## तारक मेहता का जन्म 26 दिसंबर



तारक मेहता का जन्म 26 दिसंबर 1929 को अहमदाबाद, गुजरात में हुआ था। तारक मेहता भारतीय लेखक थे। उन्होंने कई प्रकार के हास्य कहानी आदि का गुजराती में अनुवाद भी किया था। तारक मेहता का साप्ताहिक लेख पहली बार मार्च 1971 में 'चित्रलेखा' नामक एक साप्ताहिक अखबार में आया था। वह "दुनिया ने उंधा चश्मा" नमक गुजराती भाषा में एक लेख लिखने के कारण जाने जाते हैं। 2008 में असित कुमार मोदी ने इस कहानी पर "तारक मेहता का उल्टा चश्मा" धारावाहिक बनाया जो सब टीवी पर प्रसारित होता है। तारक मेहता को 2015 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तारक मेहता 1958 में गुजराती नाट्य मंडल से जुड़े। 1959 से 1960 में वे दैनिक प्रजातंत्र में डिप्टी एडिटर थे। हालांकि उन्होंने लंबे समय तक अखबार में काम नहीं किया और कुछ समय बाद सूचना और प्रसारण विभाग से जुड़ गए थे। 1960 से 1986 तक तारक मेहता भारत सरकार के सूचना और प्रसारण विभाग में कंटेंट राइटर रहे और बाद में वहीं पर अधिकारी बन गए।

# जयंती विशेष 26 दिसम्बर




**ऊधम सिंह** *Udham Singh*, जन्म: 26 दिसंबर, 1899, सुनाम गाँव, पंजाब; शहादत: 31 जुलाई, 1940, पेंटनविले जेल, ब्रिटेन) भारत की आज़ादी की लड़ाई में अहम योगदान करने वाले पंजाब के महान् क्रान्तिकारी थे। अमर शहीद ऊधम सिंह ने 13 अप्रैल, 1919 ई. को पंजाब में हुए भीषण जलियाँवाला बाग़ हत्याकांड के उत्तरदायी माइकल ओ'डायर की लंदन में गोली मारकर हत्या करके निर्दोष भारतीय लोगों की मौत का बदला लिया था।

**TOB**

**खेल कॉर्नर**





# ICC टी-20 विमेंस बॉलर्स रैंकिंग

| रैंक | टीम | बॉलर्स | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत | दीप्ति शर्मा | 737 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | एनाबेल सदरलैंड | 736 |
| 3 | पाकिस्तान | सादिया इकबाल | 732 |
| 4 | इंग्लैंड | सोफी एक्लेस्टन | 727 |
| 5 | इंग्लैंड | लॉरेन बेल | 714 |
| 6 | सा. अफ्रीका | नॉनकुलेलेको म्लाबा | 705 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | जॉर्जिया वेयरहम | 704 |
| 8 | इंग्लैंड | चार्ली डीन | 704 |
| 9 | वेस्टइंडीज | अफी फ्लेचर | 702 |
| 10 | पाकिस्तान | नशरा संधू | 700 |


# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **26.12.2025**

## लक्ष्य-निर्देशित व्यवहार

लक्ष्य-निर्देशित व्यवहार **(Goal-directed behavior)** एक सचेत प्रक्रिया है जिसमें किसी विशिष्ट परिणाम को प्राप्त करने के इरादे से जानबूझकर कार्य किए जाते हैं; यह हमें योजना बनाने, समस्या हल करने और अपने वातावरण के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने में मदद करता है, जो बचपन से शुरू होकर जीवन भर विकसित होता है और संज्ञानात्मक विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
कर्नाटक के एक अज्ञात भक्त ने सोने और हीरे से बने प्रभु
श्री राम की मूर्ति अयोध्या के श्री राम मंदिर में दान की है।
इसकी क़ीमत लगभग 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

यदि आप इस  लिए रोते हैं कि
कोई सुरज  आपके जीवन से
बाहर चला गया है,
तो आपके आंसू आपको सितारों
को भी देखने से रोकेंगे।

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
26 दिसम्बर
वीर बाल
दिवस
पर गुरु गोबिंद सिंह जी
महाराज के अमर बलिदानी
साहिबजादों की वीरता को
कोटि-कोटि नमन
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



भारत माता के निर्भीक
सपूत अमर शहीद

# उधम सिंह

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

26 दिसम्बर 1899 – 31 जुलाई 1940

www. teachersofbihar.org

Madhu priya



# मनमोहन सिंह

जन्म- 23-09-1932-मृत्यु - 26-12-2024

www.teachersofbihar.org

Madhu priya